an>

Title: Regarding celebrating Ahilyabai Holkar birth celebration through out the country.

**श्री राजीव सातव (हिंगोली) :** अध्यक्ष महोदया, मराठा साम्राज्य के होल्कर घराने की शासक पुÂयश्लोक अहिल्याबाई होल्कर देश के महानतम शासक में से एक है। उनका शासनकाल एक कल्याणकारी शासन के रूप में जाना जाता है। प्रजा उन्हें ईश्वर का अवतार मानती थी। उन्होंने न सिर्फ अपने राज्य में काम किया, बल्कि पूरे देश में उन्होंने काम किया। देश के कई सारे घाटों का निर्माण तथा कई सारे मंदिर जैसे अंधा नागनाथ आदि मंदिरों का निर्माण अहिल्यादेवी ने किया है। अहिल्यादेवी की जयंती कई सारे राज्य मनाते हैं। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जयंती मनाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी हों, यह मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है।